हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / परीक्षा / 2023 / 1265 दिनांक : 20 / 06 / 2023

अधिसूचना (1265)

एतदद्वारा सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हे0न0ब0गढवाल विश्वविद्यालय में स्नातक (UG) और स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमो में सी0बी0सी0एस0 का प्रावधान सत्र 2015–16 से प्रारम्भ किया गया था। उक्त प्रावधान के अनुसार छात्र–छात्राओं को अपना स्नातक (U.G.) पाठ्यक्रम 06 वर्षो के अन्दर यानी 2020–21 तक, और स्नातकोत्तर (P.G.) पाठ्यक्रम 04 वर्षो के अन्दर यानी 2018–19 तक पूरा करना था। कुछ छात्र–छात्रायें, जो ज्यादातर ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं, सी0बी0सी0एस0 नियमों से अनभिज्ञता के कारण और इसी दौरान कोरोना महामारी के चलते अपना पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर सके हैं।

अतः विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती के सुअवसर पर कार्य परिषद ने दिनॉक 30 मई 2023 की बैठक में शिक्षण सत्र 2015–16 (सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के शुरू किये जाने से) एवं सत्र 2021–22 (एन0ई0पी0 के लागू होने तक) के बीच नामांकित हुए ऐसे छात्र–छात्राओं को किसी भी सेमेस्टर के एक पेपर (थ्योरी या प्रैक्टिकल) की परीक्षा उत्तीर्ण करने का **एक अंतिम अवसर** प्रदान किये जाने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की स्वर्ण जंयती के सुअवसर पर यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा हैं, जिसको भविष्य के लिये नजीर नहीं माना जायेगा।

उक्त आदेश सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से जारी किया जा रहा है।

20.06.2023
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञिप्ति को दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला / शाह टाइम्स / राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. समस्त प्राचार्य / निदेशक, सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थानों।
3. कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र / ई–गर्वनेन्स ।
4. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / सहायक कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक / अनुभाग अधिकारी परीक्षा / परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।
5. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
6. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
7. निजी सचिव प्रति कुलपति, मा0प्रति कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
8. निजी सचिव कुलपति, मा0कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।

कुलसचिव